जिला मुख्यालयों से सड़क मार्ग द्वारा न जुड़े हुए गांव

@@@2047. **श्री राम जेठमलानी :**
श्रीमती सुषमा स्वराज :

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में एक हजार की जनसंख्या वाले उन गांवों की संख्या कितनी हैं जिन्हें उनके जिला मुख्यालयों से सड़क मार्ग द्वारा जोड़ने का कार्य सातवीं पंचवर्षीय योजना की समाप्ति के पश्चात भी पूरा नहीं किया गया ;

(ख) क्या सरकार ने इस प्रकार के गांवों को उनके अपने-अपने जिला मुख्यालयों से जोड़ने के लिये आठवीं पंचवर्षीय योजना में कोई लक्ष्य निर्धारित किया है ;

(ग) यदि हां, तो इस अवधि में एक हजार की जनसंख्या वाले कितने गांवों को उनके जिला मुख्यालयों से सड़क मार्ग द्वारा जोड़ दिये जाने का लक्ष्य है, और

(घ) आठवीं पंचवर्षीय योजना की समाप्ति के पश्चात कितने ऐसे गांव शेष रह जायेंगे जो उनके जिला मुख्यालयों से पक्की सड़क द्वारा जुड़े हुए नहीं होंगे ?

ग्रामीण विकास मंत्रालय (ग्रामीण विकास विभाग) में राज्यमंत्री (श्री रामेश्वर ठाकुर) : (क) सातवीं पंचवर्षीय योजना के अन्त तक 1000 और और उससे अधिक की जनसंख्या वाले 26405 गांव थे जिन्हें बारहमासी सड़कों से जोड़ा नहीं गया था ।

(ख) से (घ) इस मंत्रालय में जिलावार सूचना नहीं रखी जाती है तथापि आठवीं योजना दस्तावेज में यह परिकल्पना की गई है कि राज्य क्षेत्र के न्यूनतम आवश्यकता कार्यक्रम के अन्तर्गत 1000 और उससे अधिक की जनसंख्या वाले सभी गांवों को बारहमासी सड़कों के साथ जोड़ दिया जाए ।

(The Deputy Chairman in the Chair)

PAPERS LAID ON THE TABLE

STATEMENTS SHOWING THE ACTION TAKEN BY GOVERNMENT ON VARIOUS ASSURANCES, PROMISES AND UNDERTAKINGS GIVEN DURING THE SESSIONS

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE AND THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (DR. ABRAR AHMED): I Madam, lay on the Table the following statements (in English and Hindi) showing the action taken by Government on the various assurances, promises and undertakings given during the Sessions shown against each:—

(1) Statement No. XXXVIII —Hundred and Thirty Fifth Session, 1985
(2) Statement No. XXX —Hundred and Forty Third Session, 1987
(3) Statement No. XXXIII —Hundred and Forty Fourth Session, 1987
(4) Statement No. XXVIII —Hundred and Forty Eighth Session, 1988
(5) Statement No. XXV —Hundred and Forty Ninth Session, 1989

@@@पूर्वत: अतारांकित प्रश्न 1855 12 मई, 1993 से स्थानांतरित